प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां

(मार्च, 2018)

*****

प्रमुख घटनाएं एवं उपलब्धियां

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को 01.04.2017 से 31.03.2020 तक जारी रखने संबंधी मन्त्रिमंडल नोट को दिनांक 20.03.2018 को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।
2. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग विधेयक में किए गए औपचारिक संशोधन विचारार्थ तथा पारित करने हेतु लोक सभा को भेजे गए हैं।
3. एमसीआई की सिफारिश पर, मंत्रालय ने निम्नलिखित प्रयोजनों हेतु अनुमति-पत्र जारी किया है:
   i. शैक्षणिक सत्र 2018-19 के लिए स्नातकोत्तर (सुपरस्पेशिएलिटी) पाठ्यक्रमों में 05 सीटें शुरू करना/उनमें वृद्धि करना।
   ii. 150 एमबीबीएस सीटों सहित एक नया चिकित्सा कॉलेज स्थापित करना तथा दो मौजूदा चिकित्सा कॉलेजों में 120 एमबीबीएस सीटों में वृद्धि करना। माह के दौरान कुल 270 एमबीबीएस सीटें बढ़ाई गई हैं।
   iii. शैक्षणिक सत्र 2018-19 के लिए सीटों में एक बारगी बढ़ोत्तरी के अंतर्गत स्नातकोत्तर (व्यापक विशेषज्ञता) में 524 सीटें बढ़ाई गई हैं।
4. आईएमसी अधिनियम, 1956 की धारा 11(2) के तहत 31 स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान करने संबंधी अधिसूचनाएं जारी की गई हैं।
5. स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग के संबंध में भारत और जॉर्डन के बीच 1 मार्च, 2018 को समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
6. मंत्रिमंडल ने दिनांक 14 मार्च, 2018 को आयोजित अपनी बैठक में स्वास्थ्य और मेडिसिन के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और ईरान के बीच 17 फरवरी, 2018 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी।
7. डीजी, डब्ल्यूएचओ के दौरे के दौरान, देश में पोलियो मुक्त स्थिति को बरकरार रखने तथा/अथवा पक्षकारों द्वारा सहमत किसी अन्य कार्यकलाप के प्रति एमओएचएफडब्ल्यू तथा डब्ल्यूएचओ के बीच एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। भारत सरकार निधियां प्रदान करेगी जबकि डब्ल्यूएचओ तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।
8. द्विपक्षीय स्वास्थ्य मामलों पर चर्चा करने के लिए माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और महामहिम इस्साक एफ. एडवोले, नाइजीरियन मंत्री के बीच 14 मार्च, 2018 को नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई थी।
9. 'जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए चिकित्सा कॉलेजों की स्थापना' स्कीम के तहत राज्यों को 65 करोड़ रुपए का सहायता-अनुदान जारी किया गया है।
10. 'देश में एमबीबीएस सीटों में वृद्धि करने के लिए मौजूदा राज्य सरकार/केंद्रीय सरकार के चिकित्सा कॉलेजों का उन्नयन' स्कीम के तहत राज्यों को 17.64 करोड़ रुपए का सहायता-अनुदान जारी किया गया है।

11. स्नातकोत्तर सीटों में वृद्धि करने तथा नए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राज्य सरकार के चिकित्सा कॉलेजों का सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के तहत राज्यों को 13.66 करोड़ रुपए का सहायता-अनुदान जारी किया गया है।
12. 76 दंत चिकित्सा कॉलेजों के संबंध में विविध विशेषज्ञताओं के एमडीएस उपाधि को मान्यता प्रदान करने के संबंध में अधिसूचनाएं/मान्यता पत्र जारी किए गए हैं।
13. विज्ञान भवन, नई दिल्ली में दिनांक 13.3.2018 को माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली क्षयरोग उन्मूलन सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें वैश्विक नेताओं तथा मुख्य साझेदार एजेंसियों तथा क्षयरोग नियंत्रण से संबद्ध सभी अन्य हितधारकों ने वर्ष 2025 तक क्षयरोग का उन्मूलन करने संबंधी अपनी वचनबद्धता को दोहराया; सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के नेतृत्व में डा. आरएमएल अस्पताल, नई दिल्ली में 24.03.2018 को विश्व क्षय रोग दिवस, 2018 आयोजित किया गया।
14. डीसीआई, एमडीएस पाठ्यक्रम (पहला संशोधन) विनियम, 2018 तथा डीसीआई (दसवां संशोधन) विनियम, 2018 को शासकीय राजपत्र में दिनांक 15.03.2018 को प्रकाशित किया गया।
15. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) ने यूएनएआईडीएस, डब्ल्यूएचओ तथा रोग नियंत्रण केंद्र (सीडीसी), यूएसए के सहयोग से 21 से 24 मार्च, 2018 के दौरान "भारत में एचआईवी निगरानी तथा आकलन की नई पद्धतियों के संबंध में विशेषज्ञों के साथ परामर्श" आयोजित किए।
16. 28.03.2018 को भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अपर महानिदेशक, एनएसीओ, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश में कारागार एवं अन्य आस-पास की स्थापनाओं में एचआईवी एवं क्षयरोग निदान शुरू किए गए।
17. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चिकित्सा उपकरण अनुप्रयोग संबंधी समृद्ध बनाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए।
18. औषध एवं सौंदर्य प्रसाधन नियम, 1945 में संशोधन करने हेतु दिनांक 13.03.2018 को एक अधिसूचना जारी की गई थी ताकि ब्रांड के नाम के समतुल्य फांट में ही औषधि का उचित नाम लिखने का प्रावधान किया जाए परंतु यह प्रावधान किया जा सके कि औषधि का उचित नाम भी उसी फांट में होगा जिस फांट में ब्रांड का नाम है परंतु यह फांट ब्रांड के नाम के फांट के आकार से दो फांट अधिक होगा।
19. वैश्विक तंबाकू विनियामक मंच (जीटीआरएफ) की दूसरी बैठक केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका में 06 मार्च, 2018 के दौरान आयोजित की गई थी।
20. तंबाकू या स्वास्थ्य संबंधी 17वां विश्व सम्मेलन 7-9 मार्च, 2018 के दौरान केप टाउन, दक्षिणी अफ्रीका में आयोजित किया गया।
21. राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत, मार्च, 2018 माह में लगभग 6.91 लाख मोतियाबंद सर्जरियां की गई, स्कूली बच्चों को 1.14 लाख नि:शुल्क चश्मे बांटे गए तथा 6,613 दान किए गए नेत्र एकत्रित किए गए।

******